**नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति (कार्यालय-1), बेंगलूर**
**Town Official Language Committee (O-1), Bengaluru**
इसरो उपग्रह केंद्र (आईज़ेक) ISRO Satellite Centre (ISAC)
एच.ए.एल. एयरपोर्ट रोड, बेंगलूर HAL Airport Road, Bengaluru - 560 017

इसरो उपग्रह केंद्र, बेंगलूर के सतीश धवन सभागृह में दिनांक 27 जुलाई 2017 को अपराह्न 2.30 बजे आयोजित नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति, (का.-1) के वर्ष 2017 की पहली बैठक का कार्यवृत्त।

Minutes of the First Meeting of the Town Official Language Implementation Committee for the year 2017 held on 27th July 2017 at 2.30 p.m. in Satish Dhawan Auditorium, ISRO Satellite Centre, Bengaluru.

नगर राजभाषा कार्यान्वयन समिति के वर्ष 2017 की पहली बैठक इसरो उपग्रह केंद्र-आईज़ेक, बेंगलूर के सतीश धवन सभागृह में दिनांक 27 जुलाई 2017 को अपराह्न 2.30 बजे संपन्न हुई। डॉ. एम. अण्णादुरै, अध्यक्ष, नराकास (का.1) एवं निदेशक, इसरो उपग्रह केंद्र-आईज़ेक, बेंगलूरु ने बैठक की अध्यक्षता की। राजभाषा विभाग से श्री टेकचंद, उप निदेशक (कार्या), क्षेत्रीय कार्यान्वयन कार्यालय, राजभाषा विभाग, श्रीमती जानकी नायर, संयुक्त निदेशक, केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो एवं श्री राजेंद्र कुमार शर्मा, सहायक निदेशक, हिंदी शिक्षण योजना भी बैठक में उपस्थित रहे।

The First Meeting of the TOLIC for the year 2017 was held on 27th July 2017 at 2.30 PM in Satish Dhawan Auditorium, Bengaluru. The meeting was presided by Dr. M. Annadurai, Chairman, TOLIC (O.1) & Director, ISRO Satellite Centre-ISAC, Bengaluru. Shri Tekchand, Dy. Director (Impl.), Regional Implementation Office, DOL, Smt. Janaki Nair, Joint Director, Central Translation Bureau and Shri Rajendra Kumar Sharma, Assistant Director, Hindi Teaching Scheme were also present in the meeting from the Department of Official Language.

डॉ. आलोक श्रीवास्तव, परियोजना निदेशक, जी.आईसैट-2 ने आईज़ेक की तकनीकी गतिविधियों एवं राजभाषा कार्यान्वयन के क्रियाकलापों के बारे में पी.पी.टी. के जरिए प्रस्तुतीकरण दिया। श्रीमती नलिनी प्रकाश एम.एस., हिंदी अनुवादक ने ईश वंदना प्रस्तुत की।

Dr. Alok Kumar Shrivastava, Project Director, GISAT-2 gave a presentation through PPT regarding the activities of Technical work and Official Language Implementation of ISAC. Smt. Nalini Prakash M.S., Hindi Translator presented the invocation.

तदनंतर श्री मनोहर एल. वाणियर, वरिष्ठ प्रधान कार्मिक व सामान्य प्रशासन, आईज़ेक ने मंचासीन अधिकारियों के साथ-साथ सभागार में उपस्थित कार्यालय प्रधानों एवं पदाधिकारियों का स्वागत किया। साथ ही उन्होंने निदेशक, एन.ए.एल. को अब तक नराकास के सुचारु संचालन हेतु आभार व्यक्त किया एवं डॉ. पी.एस.आर. मूर्ति, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, एन.ए.एल. को उनके सहयोग एवं मार्गदर्शन के लिए भी आभार प्रकट किया। आगे उन्होंने, राजभाषा के कार्यान्वयन को प्रगति के पथ पर ले जाने हेतु सभी सदस्यों के सहयोग के लिए आग्रह किया तथा उन्होंने यह भी आश्वस्त किया कि जो भी छोटे कार्यालय हैं और किसी कार्यक्रम के आयोजन या प्रायोजन में एवं हिंदी के प्रगामी प्रयोग के संबंध में कोई कठिनाईयों का सामना कर रहे हों तो यह समिति सदैव उनकी सहायता करने हेतु तत्पर रहेगी।

Thereafter, Shri Manohar L Vanniar, Sr. Head P&GA, ISAC welcomed all the dignitaries on dias and as well as the Heads of Offices and the Officials present in the meeting. Besides, he thanked Director, NAL for conducting TOLIC smoothly earlier so far and he also thanked Dr. PSR Murthy, Sr. Hindi Officer, NAL for his co-operation and guidance. Further he requested for the cooperation of all the Members for taking the implementation of Official Language towards the path of progress and he assured that the small Offices who are facing problems in organizing or sponsoring any programmes, then this Committee will always be ready to help them.

उपस्थितों के स्वागत के बाद मंचासीन गणमान्यों द्वारा दीप प्रज्जवलन के साथ नराकास (का.1) की पहली बैठक का शुभारंभ किया गया। बैठक में सदस्य कार्यालयों के 52 कार्यालय प्रधान, प्रशासनिक प्रधान, राजभाषा अधिकारी एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे। प्रतिभागियों की सूची अनुबंध-1 में दी गई है।

After the welcome, dignitaries on the Dias inaugurated the first meeting of TOLIC (O.1) by lighting the lamp. 52 Heads of Offices, Administrative Heads, Hindi Officers and others from the Member Offices were present in the meeting. List of participants is at Annexure-1.

**हिन्दी अनुवाद/भाषा/टंकण/आशुलिपि/ई-टूल्स पर प्रशिक्षण संबंधी सूचना**
**Information regarding training in Hindi Translation/Language/Typing/Stenography/E-tools**

श्रीमती जानकी नायर, संयुक्त निदेशक, केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो ने इसरो में राजभाषा कार्यान्वयन की दिशा में की जा रही प्रयासों की सराहना की। तदनंतर उन्होंने ब्यूरो की तरफ से आयोजित किए जा रहे विभिन्न अनुवाद प्रशिक्षण कार्यक्रमों का विवरण दिया। उन्होंने अर्ध वार्षिक रिपोर्ट में अनुवाद प्रशिक्षण संबंधी कालम जोड़ने का अनुरोध किया। आगे, उन्होंने अधिक जानकारी हेतु केन्द्रीय अनुवाद ब्यूरो की वेबसाइट देखने हेतु नराकास, (का.1) के सदस्यों से अनुरोध किया।

Smt. Janaki Nair, Joint Director, Central Translation Bureau appreciated the efforts being carried out in the direction of Official Language Implementation in ISRO. Later she gave the details of different Translation Training Programmes being organized by the Bureau. She requested to add the column regarding Translation Training in the Half-yearly Report. Further, she requested the Members of TOLIC, (O.1) to look into the website of Central Translation Bureau for more details.

श्री राजेंद्र कुमार शर्मा, सहायक निदेशक, हिन्दी शिक्षण योजना ने केन्द्रीय सदन, कोरमंगला में चल रही नियमित हिन्दी कक्षाओं की जानकारी दी। उन्होंने कार्यालय प्रधानों से हिन्दी 'पारंगत' कक्षाओं में कर्मचारियों को नामित करने का अनुरोध किया। आगे, उन्होंने सूचित किया कि 'हिन्दी पारंगत पाठ्यक्रम पास करने पर मिलने वाले लाभ' संबंधी मुद्दा सरकार के विचाराधीन है। उन्होंने अध्यक्ष से निवेदन किया कि नराकास के तत्वावधान में जो भी कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है, उनकी सूचना हिन्दी शिक्षण योजना को भी दी जाए।

Shri Rajendra Kumar Sharma, Assistant Director, Hindi Teaching Scheme gave the information of regular Hindi classes being conducted in Kendriya Sadan, Kormangala. He requested the Heads of Offices to nominate the staff members for Hindi 'Parangat' classes. He further informed that the issue of 'Benefits on passing Hindi Parangat course' is still under consideration by the Government. He requested the Chairman, TOLIC to inform about all the programmes which are conducted in Bengaluru under the auspices of TOLIC to HTS also.

श्रीमती गीता प्रसाद, सदस्य सचिव एवं हिंदी अधिकारी, आईज़ेक ने पुन: मंचासीन गणमान्यों एवं सभा में उपस्थित सभी पदाधिकारियों का अभिनंदन किया। तत्पश्चात् उन्होंने अध्यक्ष, नराकास (का.1) की अनुमति से बैठक की कार्यवाही शुरु की। इसके उपरान्त कार्यसूची पर चर्चा आरंभ हुई।

Smt. Geeta Prasad, Member Secretary & Hindi Officer, ISAC greeted once again the dignitaries on the Dias and all the Officials present in the forum. Later on, with the permission of the Chairman, TOLIC (O.1) she started the proceedings. After this, discussion was held as per the Agenda.

**मद संख्या/Item No.1**

पिछली बैठक के कार्यवृत्त पर पुष्टि
Confirmation of the minutes of the previous meeting:

विचार-विमर्श के बाद, सर्व सम्मति से पिछले बैठक के कार्यवृत्त की पुष्टि की गई।
After the discussion, the minutes of the previous meeting were confirmed.

**<u>मद संख्या/Item No.2</u>**

पिछली बैठक में लिए गए निर्णयों पर की गई कार्रवाई
Action taken on the decisions arrived in the previous meeting

- पिछले बैठक में लिए गए निर्णायानुसार नराकास का दायित्व एन.ए.एल. से इसरो उपग्रह केंद्र, बेंगलूरु को सौंपा गया।

  As per the decision taken in the previous meeting, the responsibility of TOLIC has been given to ISRO Satellite Centre, Bengaluru.

- 10 जनवरी 2017 को नराकास के तत्वावधान में इसरो मुख्यालय, अंतरिक्ष विभाग, बेंगलूरु द्वारा संयुक्त रुप से विश्व हिंदी दिवस का आयोजन किया गया।

  Under the auspicious of TOLIC, Vishwas Hindi Diwas was celebrated jointly by ISRO Headquarters, DOS, Bengaluru.

- सदस्य सचिव ने बैठक के दौरान बताया कि संघ का राजकीय कार्य हिंदी में करने के लिए राजभाषा विभाग द्वारा जारी वार्षिक कार्यक्रम 2017-18 प्राप्त हुआ है तथा उक्त में उल्लिखित लक्ष्यों की प्राप्ति हेतु सभी सदस्य कार्यालयों को भरसक प्रयास करना है।

  During the meeting the Member Secretary said that the Annual Programme 2017-18 issued by Department of Official Language for transacting the Official Work of the union in Hindi has been received and all the Member Officer have to put in efforts to achieve the targets prescribed in the same.

**<u>मद संख्या/Item No.3</u>**

वार्षिक कार्यक्रम 2017-18 पर चर्चा
Discussion on Annual Programme 2017-18

**<u>मद संख्या/Item No.4</u>**

नए प्रस्ताव New Proposals

1. सदस्य सचिव, नराकास (का.-1) ने सभी सदस्य कार्यालयों से अनुरोध किया कि **संयुक्त हिन्दी दिवस समारोह-2017** के उपलक्ष्य में, अक्तूबर/नवंबर 2017 के दौरान अंतर-कार्यालयीन हिंदी प्रतियोगिताएं तथा संयुक्त हिन्दी दिवस नवंबर/दिसंबर 2017 के दौरान आयोजित करने का प्रस्ताव है। इच्छुक सदस्य कार्यालय कृपया प्रतियोगिताओं के आयोजन और प्रायोजन हेतु अपनी सहमति अवगत करावें। प्रतियोगिताओं के प्रायोजक व आयोजक कार्यालयों के साथ इस संबंध में अंतिम रूप देने हेतु सितंबर 2017 को एक विशेष बैठक बुलाई जाएगी।

   Member Secretary, TOLIC (O.-1) requested all the Member Offices that on the occasion of Joint Hindi Day Celebrations-2017, it is proposed to conduct inter-office Hindi competitions during October/November 2017 and Hindi Day during November/December 2017. Interested Member Offices may please intimate their acceptance for conducting and sponsoring the Competitions. A separate meeting will be called during September 2017 to finalize regarding the Organisers and Sponsoring Offices.

2. नराकास की वार्षिक गृह-पत्रिका के अंक-2018 के लिए सदस्य कार्यालय कृपया अपने लेख, कविताएं आदि <u>31.10.2017</u> तक भिजवाएं।

   Member Offices may kindly send Articles, Poems, etc., for Annual in-house magazine issue-2018 till <u>31.10.2017.</u>

3. सदस्य कार्यालय कृपया जनवरी 2017 में और उसके बाद प्रकाशित अपनी हिन्दी गृह पत्रिका/न्यूज लेटर की एक प्रति 31.10.2017 तक नराकास, (का.-1) को भिजवाएं, ताकि दिसंबर 2017 में नराकास की अगली बैठक में पुरस्कार प्रदान किए जा सके।

   Member Offices may kindly send a copy of their in-house Hindi magazine/News letter printed in January 2017 and later on, to the office of TOLIC (O.1) , so that awards may be given during the next meeting of TOLIC in December 2017.

4. इच्छुक कार्यालय कृपया 10 जनवरी 2018 को विश्व हिन्दी दिवस समारोह के आयोजन तथा प्रायोजन हेतु अपनी सहमति 30.11.2017 तक अवगत करावें।

   Interested Office may give their consent till 30.11.2017 for organizing and sponsoring Vishwa Hindi Diwas on 10th January 2018.

5. नराकास, (का.1) के तत्वावधान में राजभाषा अभिमुखीकरण कार्यक्रम, हिंदी कार्यशाला, हिंदी संगोष्ठी, पुनश्चर्या कार्यक्रम तथा कोई अन्य नए कार्यक्रम के आयोजन तथा प्रायोजन हेतु अपनी सहमति अवश्य अवगत करावें।

   Kindly inform about the organizing and sponsoring of Official Language Orientation Programme, Hindi Workshop, Hindi Seminar, Refresher Programmes and any other new programmes under the auspices of TOLIC, (O.1).

साथ ही उन्होंने सभी सदस्य कार्यालयों से आग्रह किया कि नराकास, (का.1) के तत्वावधान में हिंदी कार्यान्वयन के उत्तरोत्तर प्रगति हेतु सभी का सहयोग वांछनीय है।

Besides she requested all the Member Offices that under the auspices of TOLIC, (O.-1) fullest co-operation of everyone is expected from all, for the progress of Hindi Implementation.

**विभिन्न सदस्य कार्यालयों द्वारा प्रस्तुत आंकडों की समीक्षा**
**Review of the statistics submitted by various Member Offices**

श्री टेकचंद, उप निदेशक (कार्या.), क्षेकाका, राजभाषा विभाग ने विभिन्न सदस्य कार्यालयों से प्राप्त प्रगति रिपोर्टों की समीक्षा की। उन्होंने इस संदर्भ में सदस्य कार्यालयों से उक्त के अनुपालन हेतु अनुरोध किया
Shri Tekchand, Dy. Director (Impl.) RIO. Department of Official Language reviewed the Quarterly Progressive Reports received from various Member Offices. In this regard he requested Member Offices to follow the same

- तिमाही प्रगति रिपोर्ट राजभाषा विभाग को ऑन-लाइन ही भेजें और एक प्रति नराकास कार्यालय को भेजें।

  The Quarterly Progressive Report has to be sent 'through on-line' to Dept. of Official Language and a copy of the same to TOLIC.
- धारा-3(3) और नियम-5 का अनिवार्य रूप से पालन करें और कार्यालय की वेबसाइट अवश्य द्विभाषी बनावें।

  Section 3(3) and OL Rule-5 of Official Language shall invariably be complied with and ensure the Office website in bilingual.
- जिन सदस्य कार्यालयों से रिपोर्ट नहीं मिलती है, उन्हें सदस्य सचिव की तरफ से पत्र लिखा जाए।

  The Member Secretary may send a letter to the Member Offices on non-receipt of QPR from them.
- हर तिमाही में हिन्दी कार्यशाला आयोजित की जाए।
  Hindi workshops may be conducted every quarter without fail.
- जल्द से जल्द निर्धारित समय तक हिन्दी प्रशिक्षण पूरा किया जाए।
  Hindi training may be completed at the earliest, within the prescribed period.

- हरेक कार्यालयों के हिंदी अनुवादकों को केंद्रीय अनुवाद ब्यूरो में अनिवार्यतया प्रशिक्षण हेतु नामित करें।
  Hindi Translators of all Offices may be nominated for Translation training at Central Translation Bureau.

- सभी कार्यालय यह सुनिश्चित करें कि उनके कार्यालय में उपलब्ध नामपट्ट/नाम फलक इत्यादिक अनिवार्य रुप से द्विभाषी/त्रिभाषी में ही प्रदर्शित करें।
  All the Offices ensure that the Name boards/Name plates available in the Office may compulsorily be displayed in Bilingual/Trilingual.

श्री अनूप श्रीवास्तव, नियंत्रक, आईज़ेक ने सभा में उपस्थित सभी पदाधिकारियों से अपील किया कि हिंदी के प्रचार-प्रसार को केवल लक्ष्य प्राप्त करने तक ही सीमित न रखते हुए उसे दैनिक काम-काज एवं बोलचाल में सहज रुप से उसका प्रयोग करें, जिससे स्वत: हिंदी का प्रचार-प्रसार होगा और इससे लोगों में हिंदी के प्रति जागरुकता बढ़ेगी और लोगों में हिंदी के प्रति झिझक दूर होगी।
Shri Anoop Srivastava, Controller, ISAC appealed to all the Officials present in the forum that the propagation of Hindi should not be limited only to achieve the target, it should be used in day to day Official work & in conversation, with this, Hindi will automatically spread and the awareness about the Hindi will increase and also to remove the hesitation to work in Hindi among the Officials.

**वर्ष 2016-17 हेतु राजभाषा शील्ड**
**<u>OL Shields for the year 2016-17</u>**

सदस्य कार्यालयों में राजभाषा कार्यान्वयन को बढ़ावा देने के लिए समिति हर वर्ष राजभाषा शील्ड प्रदान कर रही है। दिनांक 20.07.2017 को मूल्यांकन समिति ने वर्ष 2016-17 के दौरान राजभाषा नीति के सर्वोत्कृष्ट कार्य निष्पादन के आधार पर कर्मचारियों की संख्या को ध्यान में रखते हुए सदस्य कार्यालयों को बड़े एवं छोटे में विभाजित करके निम्नलिखित कार्यालयों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र प्रदान करने की सिफारिश की

The Committee has been awarding OL Shields every year to encourage Member Offices in the implementation of OL. The Evaluation Committee recommended in its meeting held on 20.07.2017 to award Shields and Certificates for the year 2016-17 as under:-

**<u>शील्ड एवं प्रमाण-पत्र /Shields and Certificates :</u>**

**बड़े कार्यालय / Big Offices**

| राजभाषा शील्ड | | प्रशस्ति पत्र | |
|---|---|---|---|
| 1. | सी.एस.आई.आर.- राष्ट्रीय वांतरिक्ष प्रयोगशालाएँ | 1. | डॉ. प्र.श्री मूर्ति, वरिष्ठ हिंदी अधिकारी, एस.जी. |
| 2. | इसरो उपग्रह केंद्र | 2. | श्रीमती गीता प्रसाद, हिंदी अधिकारी |
| 3. | भारतीय प्रबंध संस्थान | 3. | सुश्री नीता जॉन |

**<u>छोटे कार्यालय / Small Offices</u>**

| राजभाषा शील्ड | | प्रशस्ति पत्र | |
|---|---|---|---|
| 1. | सॉफ्टवेयर टेक्नोलॉजी पार्क्स ऑफ इंडिया | 1. | श्रीमती शशिकला एन.एस., राजभाषा अधिकारी |
| 2. | क्षेत्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण कार्यालय | 2. | श्री पी.के. त्रिपाठी, राजभाषा अधिकारी |
| 3. | विद्युत प्रणाली प्रशिक्षण संस्थान | 3. | श्री संजय डी. पाटील, राजभाषा अधिकारी |

डॉ एम. अण्णादुरै, अध्यक्ष, नराकास ने राजभाषा शील्ड एवं प्रशस्ति पत्रों का वितरण किया और विजेता कार्यालयों को बधाई दी। उन्होंने सभा को संबोधित करते हुए कहा कि नराकास, (का.1) का कार्यभार हमें सौंपा गया है अत: सबको एक जुट होकर हमें अपने कार्यालयों में हिंदी के प्रयोग को और भी उच्च स्तर तक ले जाना है। आगे उन्होंने कहा कि राजभाषा विभाग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार ही नराकास की बैठकों का आयोजन किया जाएगा। उन्होंने सदस्य कार्यालयों के प्रधानों से अपने-अपने कार्यालयों में हिंदी के प्रचार-प्रसार को बढ़ावा देने हेतु अनुरोध किया।

Dr. M. Annadurai, Chairman, TOLIC awarded the OL Shields and Certificates and congratulated the winners. While addressing the forum he said that, the responsibility of TOLIC, (O.1) has been given to us, hence all have to join hands together and we have to take the usage of Hindi in our Offices to still higher level. Further he said that the meetings of TOLIC will be conducted as per the Programme received from Department of Official Language. He requested all the Heads of the Member Offices to promote Hindi in their respective Offices.

श्रीमती सुजाता कुमारी एम., व. हिंदी अनुवादक, आईज़ेक ने धन्यवाद ज्ञापन किया।

Smt. Sujatha Kumari M, Sr. Hindi Translator, ISAC proposed the vote of thanks.

श्रीमती लक्ष्मी देवी, हिंदी अनुवादक, आईज़ेक ने सुचारु रुप से मंच संचालन किया।
Smt. Lakshmi, Hindi Translator, ISAC compered the programme.

*****